‘दिलासा’ - स्त्री अत्याचार निवारण विभाग

कभी हाथ-पैर पर गहरी चोट लगने पर या कभी जल जाने पर, आप अस्पताल में इलाज के लिये आती हैं। कभी कभी इन सबसे परे घर में खाना न मिलना, घर के लोगों का दिल को चोट पहुँचानेवाला बर्ताव, जिससे मन बेहाल हो जाता है, बिना वजह नींद उड़ जाती है, हमेशा चक्कर आते रहते हैं, आपके माहवारी से जुड़ी तकलीफें और ऐसी कई, छोटी शिकायतें भी होती रहती हैं। कभी कभी मायूसी इतनी बढ़ जाती है कि जिंदगी खत्म करने का खयाल मन में आता है।

इन सब शिकायतों के लिये आप अस्पताल आती हैं। केसपेपर बनाते वक्त कारण पूछे जानेपर कुछ बहनें ‘आदमी ने मारा’, ऐसा बताती हैं। उसके पहले कुछ पुलिस स्टेशन भी जा चुकी होती हैं। लेकिन ज्यादातर औरतें पति का नाम या पिहरके लोगों का नाम लेने से कतराती हैं। ससुरालवालों ने, घर के लोगों ने उसकी यह हालत की है ये कहने से हिचकिचाती हैं। हादसे से हो गया यूँ, कह ड़ालती हैं।

लेकिन अब आप के दर्द को बाँटने के लिये ‘दिलासा’ के रुप में इस अस्पताल में जगह बनाई गई है। ‘दिलासा’ इस अस्पताल की एक ओपीडी है। यहाँ आप से बात करने के लिये, बुरे हालातों से राह निकालने के लिये संवेदनशील, तजुर्बेकार और जानकार लोग मौजूद हैं। यहाँ उनसे सलाह, मशवरे के सिवाय वकील की सलाह, पुलिस की मदद, जरुरत पड़नेपर १-२ दिन के रहने का इंतजाम ‘दिलासा’ से हासिल होगा। यहाँ आपको सरकार की ओर से बनाये गये नये कानून के बारे में जानकारी भी मिल सकती है।

लड़कियाँ और औरतों पर होनेवाली घरेलू हिंसा को रोकने के लिये भारत सरकार ने **‘घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम - २००५’** कानून लागू किया है। हर धर्म और जाति की महिला इस कानून का सहारा ले सकती है। ससुराल-मायका एवं करीबी रिश्तेदारों की ओर से अगर हिंसा हो रही हो, तो भी इस कानून की मदद ले सकती हैं। कभी हिंसा इतनी ज्यादा होती है कि हमें खुद कानून की मदद लेने की हिम्मत नहीं होती, ऐसे में कोई और भी आपकी ओर से इस कानून की मदद माँग सकता है। कई बार महिलाओं को ड़र रहता है कि यदि वे हिंसा का विरोध करेंगी, तो उनको घर से निकाल दिया जाएगा। लेकिन इस कानून के अनुसार कारवाई करके अपने घर में सुरक्षित रहने का आपका अधिकार बरकरार रहेगा ।

हर किसी को हिंसा से, मारपीट से मुक्त जिंदगी की चाहत रहती है। इसी को हासिल करने के लिये ‘दिलासा’ कोशिश कर रहा है। ‘किसी भी व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति पर हिंसा करने का हक नहीं’ यही ‘दिलासा’ का उसूल है। ‘दिलासा’ में आप के अकेलेपन को कम करके आप को जीने का हौसला मिले, यही ‘दिलासा’ का मकसद है।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के नीचे दिए हुए 13 जनरल अस्पतालों में दिलासा विभाग कार्यरत है ।

के. बी. भाभा अस्पताल - ओपीडी नं. 101, बच्चों के ओपीडी के नज़दीक, आर.के. पाटकर मार्ग, बांद्रा (पश्चिम), मुंबई-400 050.
☎ डायरेक्ट : 022-26400229 अस्पताल : 022-26422541/26422775 विस्ता.-4376 समय : सोम-शुक्र, सुबह 9 से शाम 4 - शनि, सुबह 9 से दोहपर 12

के. बी. भाभा अस्पताल - ओपीडी नं. 15, पहली मंझिल, बेलग्रामी रोड, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400 070.
☎ अस्पताल : 022-26500241/26500144 समय : गुरु-शुक्र, सुबह 9 से शाम 4 - शनि, सुबह 9 से दोहपर 12

सेठ वि.सी. गांधी व म.ए. वोरा अस्पताल - (राजावाडी अस्पताल), ओपीडी नं. 22, दूसरी मंज़िल, घाटकोपर (पूर्व), मुंबई-400 077.
☎ डायरेक्ट : 022-21020144 अस्पताल : 022-21025149 विस्ता.-221 समय : सोम-शनि, सुबह 9 से शाम 4

क्रांतिवीर महात्मा ज्योतिबा फुले अस्पताल - ओपीडी नं.12, अम्बेडकर अस्पताल, टागोर नगर, ग्रुप नं.7, विक्रोली (पूर्व), मुंबई-400 083.
☎ डायरेक्ट : 022-25770799 समय : सोम-शनि, सुबह 9 से शाम 4

स्वातंत्र्यवीर सावरकर अस्पताल - ओपीडी नं. 22, ग्राऊंड फ्लोअर, देशमुख गार्डन के पीछे, मुलुंड (पूर्व), मुंबई-400 081.
☎ डायरेक्ट : 022-25631125 समय : सोम-शनि, सुबह 9 से शाम 4

एम. टी. अग्रवाल अस्पताल - मेल मेडिकल वॉर्ड के अंदर, महाकवी कालिदार रोड़, “टी” वॉर्ड के पीछे, मुलुंड (पश्चिम), मुंबई-400 080.
☎ डायरेक्ट : 022-25601888 समय : सोम-शनि, सुबह 9 से शाम 4

आर.एन. कूपर अस्पताल - लोअर ग्राऊंड फ्लोअर, “ई”-2 के नज़दीक, विलेपार्ले (पश्चिम), मुंबई-400 056.
☎ अस्पताल : 022-26210042 विस्ता.-144 समय : सोम-शनि, सुबह 9 से शाम 4

पंडित मदनमोहन मालवीय अस्पताल - (गोवंडी शताब्दी अस्पताल), ओपीडी नं.15, दूसरी मंज़िल, गोवंडी, मुंबई.
☎ डायरेक्ट : 022-25500038 ☎ अस्पताल : 022-25564069 विस्ता.-241 समय : सोम-शनि, सुबह 9 से शाम 4

वि. एन. देसाई अस्पताल - ओपीडी 33 ए, पहली मंज़िल, सांताक्रुझ (पूर्व), मुंबई-400 055.
☎ : डायरेक्ट-022-26151507 ☎ अस्पताल : 022-26183018 विस्ता.341 समय : सोम-शनि, सुबह 9 से शाम 4

एम. डब्ल्यु. देसाई अस्पताल - ओपीडी नं.22, हाजीबापू रोड, गोविंद नगर, मलाड (पूर्व), मुंबई-400 097.
☎ डायरेक्ट : 022-28774216 समय : सोम-शनि, सुबह 9 से शाम 4

हिंदू हृदयसम्राट बाळासाहेब ठाकरे ट्रॉमा केयर अस्पताल - ओपीडी नं.122, पहली मंज़िल, हायवे पर, जोगेश्वरी (पूर्व), मुंबई-400 060. ☎ अस्पताल : 022-28224081 विस्ता.-211 समय : सोम-शनि, सुबह 9 से शाम 4

भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अस्पताल - (शताब्दी अस्पताल) ओपीडी नं.7, ग्राऊंड फ्लोअर, “ए” विंग, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई-400 067.
☎ डायरेक्ट : 022-28647002 ☎ अस्पताल : 022-28647003 विस्ता.-1046 समय : सोम-शनि, सुबह 9 से शाम 4

क्रांतीज्योति सावित्रीबाई फुले अस्पताल - दुसरी मंज़िल, मेन वॉर्ड के सामने, कस्तुरबा क्रॉस रोड नं.1, बोरीवली (पूर्व), मुंबई-400 066.
☎ डायरेक्ट : 022-28052886 समय : सोम-शनि, सुबह 9 से शाम 4

दिलासा आपके लिए सुरक्षित जगह है ।